NATIONAL HOUSING BANK

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :29 नवंबर, 2021

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित लोकसंपर्क कार्यक्रम "जनता से जुड़ना"

राष्ट्रीय आवास बैंक ने दिनांक 29 नवंबर, 2021 को **भोपाल** में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में ***"जनता से जुड़ना"*** नामक लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में श्री निकुंज श्रीवास्तव, आईएएस, आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्य प्रदेश मुख्य अतिथि थे। श्री एस. के. होता, प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक, श्री एस.डी महूरकर, फील्ड महाप्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं एसएलबीसी संयोजक, मध्य प्रदेश तथा श्री सुधीर केसरवानी, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री डी.एस त्रिपाठी सहित वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में बैंकों, आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों आदि के 50 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान भारत तथा मध्य प्रदेश में आवास एवं आवास वित्त पर फोकस करते हुए विचार-विमर्श हुआ। विचार-विमर्श के दौरान, इस बात पर जोर दिया गया कि सभी हितधारकों जैसे बैंकों तथा आ.वि.कं. को परस्पर समन्वय के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को औपचारिक आवास वित्त विशेष रूप से निचले तबके के लोगों के लिए सुलभ, किफायती एवं सुगमता से उपलब्ध हो। सभी हितधारकों और प्रतिभागियों ने भारत में आवास एवं आवास वित्त क्षेत्र में योगदान करने तथा भारत के सभी नागरिकों के लिए "सबके लिए आवास" के सपने को वास्तविकता में परिवर्तित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी।

NATIONAL
HOUSING BANK

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित लोकसंपर्क कार्यक्रम "जनता से जुडना" की कुछ झलकियाँ

NATIONAL HOUSING BANK

आज़ादी का अमृत महोत्सव

****